 CCE PR/NSR & NSPR(D)/900/7844

**D**

ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 12 ]
Total No. of Printed Pages : 12 ]

ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 48 ]
Total No. of Questions : 48 ]

**CCE PR**
**UNREVISED**
**REDUCED SYLLABUS**
**NSR & NSPR**

Question Paper Serial No. **900**

**ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 85-H**

**Code No. : 85-H**

# ವಿಷಯ : ಸಮಾಜ ವಿಜ್ಞಾನ

# Subject : SOCIAL SCIENCE

**( ಹಿಂದಿ ಭಾಷಾಂತರ/ Hindi Medium )**

**(ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / ಎನ್.ಎಸ್.ಆರ್. & ಎನ್.ಎಸ್.ಪಿ.ಆರ್.)**

**(Private Repeater / NSR & NSPR)**

ದಿನಾಂಕ : 15. 04. 2023 ] [ Date : 15. 04. 2023

ಸಮಯ : ಬೆಳಗ್ಗೆ 10-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ–1-45 ರವರೆಗೆ ] [ Time : 10-30 A.M. to 1-45 P.M.

ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 100 ] [ Max. Marks : 100

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 48 प्रश्न हैं ।
2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।
3. सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।
4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।
5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने के 15 मिनट भी शामिल हैं ।

[ Turn over

यहाँ से काटिए

**TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER**
**प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें**

**Tear here**

**I. निम्नलिखित प्रश्नों / अपूर्ण कथनों प्रत्येक के लिए चार विकल्प दिये गये हैं। उनमें केवल एक सही अथवा सबसे अधिक उपयुक्त है । सही विकल्प चुनकर पूर्ण उत्तर क्रमाक्षर सहित लिखें ।** **8 × 1 = 8**

1. सहायक संधि को स्वीकार करने वाला पहला देशी राज्य है

   (A) अवध का नवाब (B) जूनागढ़ का नवाब

   (C) हैदराबाद का निजाम (D) ग्वालियर का सिंधिया

2. भारतीय संघ में गोवा का विलय किस वर्ष हुआ ?

   (A) 1951 में (B) 1961 में

   (C) 1953 में (D) 1963 में

3. भारत की प्रथम महिला राष्ट्रपति हैं

   (A) इंदिरा गांधी (B) प्रतिभा सिंह पाटिल

   (C) सुचेता कृपलानी (D) द्रौपदी मुर्मू

4. "अस्पृश्यता वर्ण व्यवस्था की घृणित अभिव्यक्ति है ।" यह किसने कहा ?

(A) महात्मा गांधी जी

(B) डॉ० बी० आर० अंबेडकर

(C) ज्योतिबा फूले

(D) दयानंद सरस्वती

5. राजेश ने पचीस हजार रुपये का एक टी० वी० खरीदा जो दो दिनों के अंदर ही बिगड़ गया । टी० वी० कंपनी ने उसकी शिकायत पर विचार नहीं किया । उसे इस मामले को कहाँ दर्ज कराना होगा ?

(A) जिला उपभोक्ता मंच ( फोरम )

(B) राज्य उपभोक्ता आयोग

(C) राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग

(D) तालुक उपभोक्ता मंच ( फोरम )

6. सीमा सड़कों के निर्माण और अनुरक्षण का कार्य करता है

   (A) भारतीय राष्ट्रीय राजपथ प्राधिकरण

   (B) सीमा लोक निर्माण विभाग

   (C) भारतीय सीमा सुरक्षा बल

   (D) भारतीय सीमा सड़क प्राधिकरण

7. राष्ट्रीय आय को देश की कुल जनसंख्या से भाग करने से हमें मिलता है

   (A) प्रति व्यक्ति पूर्ति

   (B) प्रति व्यक्ति मांग

   (C) प्रति व्यक्ति उपभोग

   (D) प्रति व्यक्ति आय

8. काइगा विद्रोह आंदोलन का नेतृत्व किया

   (A) सुंदरलाल बहुगुना ने

   (B) शिवराम करांथ ने

   (C) मेधा पाटकर ने

   (D) कुसुम सोराबा ने

**II. निम्नलिखित प्रश्नों के प्रत्येक उत्तर एक वाक्य में दें : 8 × 1 = 8**

9. वेलेस्ली ने सहायक संधि क्यों प्रस्तुत किया ?

10. भारतीय स्वतंत्रता के प्रथम संग्राम का तात्कालिक कारण क्या था ?

11. सम्प्रदायवाद क्या है ?

12. सामाजिक स्तरीकरण क्या है ?

13. काल बैशाखी क्या है ?

14. भारत में मैंग्रोव वन कहाँ पाए जाते हैं ?

15. राष्ट्रीय आय का क्या अर्थ है ?

16. बैंक किस प्रकार के बैंक खातों से सेवा खर्च वसूल करते हैं ?

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के प्रत्येक उत्तर दो से चार वाक्यों / बिंदुओं में दें :**

**18 × 2 = 36**

17. बेरोजगारी की समस्या का हल करने हेतु भारत सरकार द्वारा लिए गये उपाय क्या-क्या हैं ?

**अथवा**

भारत में संत्रासवाद का नियंत्रण हेतु लिये गये उपाय क्या-क्या हैं ?

18. ''सामाजिक स्तरीकरण सामान्यतः सभी देशों में नहीं देखा जाता है ।'' स्पष्ट कीजिए ।

**अथवा**

दंगों (Riots) के स्वरूप को स्पष्ट कीजिए ।

19. ''अंग्रेजों ने 1909 के भारतीय परिषद अधिनियम का प्रयोग भारत को विभाजित और शासन करने के लिए किया ।'' सत्यापन करें ।

20. भारतीय स्वतंत्रता के प्रथम युद्ध के क्या प्रभाव थे ?

21. भारत में सिंचाई अत्यंत आवश्यक है । क्यों ?

22. उष्णकटिबंधीय चक्रवात अधिक विनाशकारी होते हैं । क्यों ?

23. अल्पविकसित देशों की क्या विशेषताएँ हैं ?

24. उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के मुख्य उद्देश्य क्या हैं ?

25. राज्य अपहरण नीति ( Doctrine of Lapse ) के बहाने से अनुबंधित ( Annexed ) किए जाने वाले देशी राज्यों के नाम बताइए ।

26. तृतीय ( III ) आंग्ल-मैसूर युद्ध के परिणाम क्या थे ?

27. समाज सुधार के क्षेत्र में ऐनी बेसन्ट के क्या योगदान हैं ?

28. भारत में निम्न मानव विकास सूचकांक ( H.D.I. ) के क्या कारण हैं ?

29. विदेश नीति देश के विकास में सहायक होती है । कैसे ?

30. दत्त श्रम ( Paid labour ) और अदत्त श्रम ( Unpaid labour ) में क्या अंतर हैं ?

31. तटीय मैदानों के आर्थिक महत्व क्या हैं ?

32. एल्यूमिनियम उद्योग का स्थानीकरण ( localization ) को प्रभावित करने वाले घटक कौन से हैं ?

33. ग्रामीण विकास देश का विकास है । स्पष्ट कीजिए ।

34. बैंक खातों के विभिन्न प्रकारों की सूची बनाइये ।

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के प्रत्येक उत्तर छह वाक्यों / बिंदुओं में दें : 9 × 3 = 27**

35. ब्रिटिश के खिलाफ हलगली आखेटकों के विद्रोह को स्पष्ट कीजिए ।

36. बक्सर के युद्ध का परिणाम बताइये ।

37. प्रार्थना समाज के क्या उद्देश्य थे ?

**अथवा**

नरमपंथियों द्वारा ब्रिटिश सरकार के समक्ष प्रस्तावित माँगें क्या थीं ?

38. मानवाधिकारों के क्रियान्वयन के लिए भारत बहुत ही कठोर प्रयास कैसे करता है ?

39. असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों द्वारा किन समस्याओं का सामना करना पड़ता है ? सूचीबद्ध कीजिये ।

40. भूमि अपरदन कई समस्याओं को जन्म देती है । सत्यापन करें ।

41. भारत के पूर्वी तट पर स्थित मुख्य बंदरगाहों को सूचीबद्ध कीजिए ।

**अथवा**

भूकंप के निवारक उपायों को सूचीबद्ध कीजिए ।

42. स्वयं-सहायता समूह महिला सशक्तिकरण के सहायक ( Supportive ) है । सत्यापित कीजिए ।

**अथवा**

ग्रामीण विकास में महिलाएँ महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं । सत्यापन करें ।

43. एक उद्यमी की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

**अथवा**

बैंकों द्वारा ग्राहकों को कई प्रकार की सेवाएँ उपलब्ध कराई जाती हैं । स्पष्ट कीजिए ।

**V. निम्नलिखित प्रश्नों के प्रत्येक उत्तर लगभग आठ वाक्यों / बिंदुओं में दें :**

**4 × 4 = 16**

44. भारतीय संघ में कश्मीर का एकीकरण अन्य प्रांतों की तुलना में अद्वितीय है । कैसे ?

45. भारत और चीन के बीच का संबंध इन दिनों तनावग्रस्त हो गया है । क्यों ?

46. "भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है ।" सत्यापित कीजिए ।

47. भारतीय स्वतंत्रता के प्रथम युद्ध के राजनीतिक एवं आर्थिक कारणों को स्पष्ट कीजिए ।

**अथवा**

जलियाँवाला बाग हत्याकांड का वर्णन कीजिए ।

**7**

**VI.** 48. **भारत का रेखा मानचित्र खींचकर निम्न को चिह्नित करें :** **1 + 4 = 5**

a) $82\frac{1}{2}^{\circ}$ पूर्वी देशांतर

b) कोची

c) विशाखापटनम

d) कोयना ।

**केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए विकल्प प्रश्न : ( प्रश्न सं० 48 के बदले में )**

बहुउद्देशीय नदी घाटी योजनाओं के मुख्य उद्देश्यों का उल्लेख करें । **5**